आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 30.04.2026 समय : 0705

<><><><><><><>

1. ज्ञान भारतम मिशन के तहत राष्ट्रीय पाण्डुलिपि सर्वेक्षण पर सभी हितधारकों से पुराने दस्तावेजों को निर्धारित प्लेटफॉर्म पर अपलोड करने का आग्रह किया गया है।

2. श्रमिक कल्याण बोर्ड ने पंजीकृत श्रमिकों द्वारा प्रस्तुत 56 दावों के निपटान के लिए 10 लाख से अधिक रूपये जारी करने को मंजूरी दी।

3. अंडमान निकोबार प्रशासन की ओर से दो गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स बनाने के लिए गतिविधियां आयोजित की जाएगी।

4. रंगत शिक्षा अंचल क्षेत्र में स्कूली बच्चों के लिए ग्रीष्मकालीन अवकाश कोचिंग कक्षाएं 5 मई से आयोजित की जाएगी।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान के उपायुक्त कार्यालय में कल ज्ञान भारतम मिशन के तहत राष्ट्रीय पाण्डुलिपि सर्वेक्षण पर एक जिला स्तरीय बैठक आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता अपर जिला मजिस्ट्रेट ने की। उन्होंने भारत सरकार की इस पहल की सराहना करते हुए इसे राष्ट्र की समृद्ध सांस्कृतिक और बौद्धिक विरासत को संरक्षित करने वाला बताया। ज्ञान भारतम मिशन के तहत, देशभर में हस्तलिखित ग्रंथों, पाण्डुलिपियों और सदियों पुराने रिकॉर्ड की पहचान और दस्तावेजीकरण के लिए ठोस प्रयास किए जा रहे हैं। इस पहल का एक मुख्य लक्ष्य इन अमूल्य संसाधनों को डिजिटाइज़ करना है, ताकि भविष्य की पीढ़ियों के लिए इनका दीर्घकालिक संरक्षण और पहुंच सुनिश्चित की जा सके। बैठक के दौरान सभी हितधारकों से पुराने दस्तावेजों को इकट्ठा करने और उन्हें निर्धारित प्लेटफॉर्म पर व्यापक रूप से अपलोड करने का आग्रह किया गया। स्थानीय समुदायों और छात्रों के बीच पाण्डुलिपियों के मूल्य और उनके संरक्षण की आवश्यकता के बारे में जागरूकता पैदा करने पर बल दिया।

<><><><><><><>

सरकार ने ओबीसी, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग और डीएनटी से आने वाले विद्यार्थियों के लिए उच्च स्तरीय शिक्षा योजनाओं के अंतर्गत 2 सौ 42 करोड़ रुपये से अधिक की राशि जारी की है। सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री वीरेंद्र कुमार ने कहा कि पहल का उद्देश्य इन समुदायों के विद्यार्थियों की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तक पहुंच में सुधार करना और उनकी शैक्षणिक प्रगति को बढ़ावा देना है।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीप समूह भवन एवं अन्य निर्माण श्रमिक कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष एल. कुमार की अध्यक्षता में कल बोर्ड की 33वीं बैठक आयोजित हुई। इस बैठक में केंद्र सरकार के नामांकित व्यक्ति, प्रशासन के प्रतिनिधि, नियोक्ता और ट्रेड यूनियनों के प्रतिनिधि शामिल हुए। बैठक के दौरान, पंजीकृत निर्माण श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा लाभ प्रदान करने से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। अध्यक्ष ने सभी पात्र लाभार्थियों को कल्याणकारी लाभों की प्रभावी और समय पर कार्यान्वयन की आवश्यकता पर बल दिया। बोर्ड ने विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के तहत पंजीकृत पात्र लाभार्थी श्रमिकों द्वारा प्रस्तुत 56 दावों के निपटान के लिए 10.59 लाख रूपये जारी करने को मंजूरी दी। इन दावों में पेंशन लाभ, मातृत्व लाभ, चिकित्सा सहायता और मृत्यु सहायता शामिल हैं। इस बोर्ड की स्थापना वर्ष 2009 में पंजीकृत श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से की गई थी। वर्तमान में, बोर्ड पंजीकृत लाभार्थियों के लिए नौ कल्याणकारी योजनाएं लागू कर रहा है।

<><><><><><><>

उद्योग निदेशालय ने सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय के सहयोग से कल प्रशासन के अधिकारियों के लिए एक दिवसीय इन–सर्विस प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य उद्योग विभाग और अन्य संबद्ध विभागों के अधिकारियों की क्षमता बढ़ाना था, जिसमें विशेष रूप से विश्व बैंक द्वारा समर्थित रेज़िंग एंड एक्सेलेरेटिंग एमएसएमई परफॉरमेंस कार्यक्रम और विभिन्न एमएसएमई योजनाओं व डिजिटल प्लेटफॉर्मों पर ध्यान केंद्रित किया गया। एमएसएमई मंत्रालय के उप निदेशक नरेंद्र जेना ने प्रतिभागियों को मंत्रालय की भूमिका और एमएसएमई को बढ़ावा देने वाली प्रमुख योजनाओं के बारे में जानकारी दी। सत्र के दौरान ऑनलाइन विवाद समाधान, उद्यमी भारत पोर्टल, विभिन्न योजनाओं और विकास कार्यक्रम के बारे में बताया गया। यह कार्यक्रम उद्योग निदेशक अतुल सोनी और उद्योग सचिव पल्लवी सरकार के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार प्रशासन की ओर से दो गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स बनाने के लिए गतिविधियां आयोजित की जाएगी। इसके तहत पानी के नीचे सबसे बड़ा राष्ट्रीय ध्वज फहराने का प्रयास 2 मई को राधानगर समुद्री तट पर किया जाएगा, जबकि पानी के नीचे सबसे ऊंची मानव श्रृंखला का प्रयास 3 मई को स्वराज द्वीप जेटी के पास किया जाएगा। इस सिलसिले में सूचना, प्रचार एवं पर्यटन निदेशालय ने निर्देश जारी करते हुए आज और 3 मई को सुबह 8 बजे से साढ़े ग्यारह बजे तक स्वराज द्वीप जेट्टी की ओर

आने वाले सभी जहाजों की आवाजाही पर प्रतिबंध लगाया है। इस अवधि के दौरान सभी जलक्रीड़ा गतिविधियों पर भी रोक रहेगी।

<><><><><><><>

रंगत शिक्षा अंचल क्षेत्र में स्कूली बच्चों के लिए ग्रीष्मकालीन अवकाश कोचिंग कक्षाओं का आयोजन किया जाएगा। बाराटांग, कदमतला, रंगत और बिल्लीग्राउंड जैसे विभिन्न स्थानों पर आयोजित होने वाले इस शिविर में 10 से 16 वर्ष आयु वर्ग के लड़के और लड़कियां भाग ले सकते हैं। यह कक्षाएं 5 मई से शुरू होंगी। इसका उद्देश्य स्कूली छात्रों के भीतर खेल कौशल का विकास करना, खेलों के प्रति उत्साह बढ़ाना और प्रतियोगिता की तैयारी कराना है।

<><><><><><><>

केंद्रीय द्वीपीय कृषि अनुसंधान संस्थान की ओर से कल आईपी और खेलः तैयारी, सेट और नवाचार विषय के तहत विश्व बौद्धिक संपदा दिवस की पूर्व संध्या पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एग्रीनोवेट इंडिया लिमिटेड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. प्रवीण मलिक मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। उन्होंने प्रयोगशाला में विकसित नवाचारों को किसानों तक प्रभावी ढंग से पहुँचाने के लिए तकनीकी लाइसेंसिंग और व्यावसायीकरण के महत्व पर जोर दिया। बिजनेस मैनेजर कृष्ण जी. ठाकुर ने बौद्धिक संपदा प्रबंधन और व्यावसायीकरण की अनिवार्यता पर प्रस्तुति देते हुए आईपीआर की अवधारणा, संधियों और समझौतों के बारे में विस्तार से बताया। क्यारी के निदेशक डॉ. जय सुंदर ने द्वीप कृषि की स्थिति पर विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया। इस दौरान संस्थान द्वारा विकसित विभिन्न फसलों की किस्मों और नवीन तकनीकों का प्रदर्शन किया गया। संस्थान द्वारा अब तक सुरक्षित किए गए पेटेंट, डिजाइन पंजीकरण, नस्ल पंजीकरण, कॉपीराइट और ट्रेडमार्क की जानकारी दी गई।

<><><><><><><>

समाज कल्याण निदेशालय की ओर से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र टुशनाबाद और फरारगंज में यू डी आई डी योजना पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के चिकित्सा अधिकारी, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, चिकित्सा कर्मचारी और आम जनता शामिल हुए। इस अवसर पर राज्य समन्वयक ने पंजीकरण से संबंधित तकनीकी पहलुओं के बारे में बताया। सीआरसी, ब्रुक्शाबाद के विशेषज्ञ ने विभिन्न प्रकार की दिव्यांगताओं, चिकित्सा मूल्यांकन प्रक्रिया और टेली–कॉन्फ्रेंसिंग की सुविधा के

बारे में जानकारी दी। इस दौरान दिव्यांगता प्रभारी ने दिव्यांगजनों के लिए उपलब्ध विभिन्न सरकारी योजनाओं के महत्व पर जोर दिया।

**<><><><><><><>**

डॉ. आर.पी. अस्पताल, मायाबंदर की ओर से गंगा माता मंदिर में आयुष्मान आरोग्य शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर के दौरान गैर–संचारी रोगों, क्षय रोग की स्क्रीनिंग और बच्चों व बुजुर्गों के लिए सामान्य ओपीडी सहित विभिन्न स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की गईं। शिविर के दौरान जागरूकता सत्र भी आयोजित किए गए, जिसमें लेप्टोस्पायरोसिस, खसरा, डेंगू, मलेरिया और गर्मी से होने वाली बीमारियों, पोषण और आभा कार्ड के बारे में जानकारी दी गई।

**<><><><><><><>**

ओग्राब्राज में कोल्ड स्टोरेज सुविधा के साथ कल नवनिर्मित मछली बाजार का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी ललिता तिग्गा मुख्य अतिथि थी। उन्होंने स्थानीय बुनियादी ढांचे को मजबूत करने और मछुआरों व विक्रेताओं की आजीविका का समर्थन करने के लिए ग्राम पंचायत के प्रयासों की सराहना की। ग्राम पंचायत मीठाखाड़ी के प्रधान मोहम्मद सफीक ने उपस्थिति का स्वागत करते हुए स्थानीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने और मछली व्यापार के लिए बेहतर स्वच्छ स्थिति सुनिश्चित करने में इस बाजार के महत्व पर प्रकाश डाला।

**<><><><><><><>**